Deptuy Director of
School Education (Sec)
16 OCT 2025
Dispatch No. 12504-05
Kangra at Dharamshala

संख्या शिक्षा इ0 डी0 एन0 के0 जी0 आर0 (विविध-2023
कार्यालय उप निदेशक स्कूल शिक्षा (माध्यमिक)
काँगड़ा स्थित धर्मशाला
दिनांक: धर्मशाला -176215 अक्तूबर 2025

सेवा में

प्रधानाचार्य
सभी निजी विद्यालय (HPBOSE /ICSE /CBSE)
जिला काँगड़ा

विषय : धर्मशाला दिनांक 15 सितम्बर 2025 जिला परिषद द्वारा पारित प्रस्तावों पर कार्यवाही
।

महोदय ,

उपरोक्त विषय पर कार्यालय जिला परिषद काँगड़ा स्थित धर्मशाला से प्राप्त पत्र संख्या-ज़ि0 प0 के0 जी0 आर0-कार्यवाही-4562 -64 दिनाँक 15.09.2025 के सन्दर्भ में ।

इस सम्बन्ध में श्री ईशान शर्मा सदस्य जिला परिषद् वार्ड नं0-41 (ढलियारा) द्वारा सदन में प्रस्ताव रखा गया है कि देहरा व जसवां प्रागपुर विधान सभा के अंतर्गत जितने भी प्राईवेट स्कूल आते हैं, उन स्कूलों के द्वारा स्कूली बच्चों की सुविधा हेतु वाहन लगाए गए हैं। वाहन चालक बच्चों को स्कूल मैदान में न उतार कर सड़क में ही उतार देते हैं जिसके कारण स्कूली बच्चों को कई बार सड़क में गाड़ियों के आवागमन की मात्रा अधिक होने के कारण सड़क पार करना मुश्किल हो जाता है।

इस संदर्भ में जिला काँगड़ा के अंतर्गत आने वाले सभी निजी स्कूल प्रबंधकों एवं प्रधानाचार्यों को यह निर्देश दिए जाते हैं कि स्कूली छात्र - छात्राओं की सुरक्षा का उचित ध्यान रखा जाये । इस सम्बन्ध में यदि किसी भी स्कूल के विरुद्ध शिकायत इस कार्यालय में प्राप्त होती है तो विभाग द्वारा उनके खिलाफ उचित कार्यवाही अमल में लाई जाएगी ।

उप निदेशक स्कूल शिक्षा (माध्यमिक)
काँगड़ा स्थित धर्मशाला

पृष्ठांकन संख्या सम दिनांक धर्मशाला -176215 अक्तूबर 2025

प्रतिलिपि :

1. श्री ईशान शर्मा सदस्य जिला परिषद् वार्ड नं0-41 (ढलियारा) को सूचना हेतु प्रेषित ।
2. कार्यालय प्रति ।

उप निदेशक स्कूल शिक्षा (माध्यमिक)
काँगड़ा स्थित धर्मशाला

Scanned with OKEN Scanner